**परमात्म शक्ति एवं वरदानों की प्राप्ति वैश्विक महोत्सव तथा आध्यात्मिक शिव शक्ति**

मेला, भरतपुर

# प्रतिवेदन

दिनांक 3–4 अक्टूबर 2009 से प्रारम्भ हुए वैश्विक उत्सवों की श्रृंखला में वुधवार दिनांक 28.10.2009 से सोमवार दिनांक 2.11.2009 तक भरतपुर में भी वैश्विक महोत्सव एवं आध्यात्मिक शिवशक्ति मेले का आयोजन शहर के मध्य स्थित ग्रामीण हाट भरतपुर में हुआ ।

प्रातःकाल 9 बजे से उत्सव स्थल ग्रामीण हाट भरतपुर के प्रांगण से शुरू होकर शहर के मुख्य भागों में होकर पुनः उत्सव स्थल पर वापिस लौटी 501 कलशों की शोभायात्रा द्वारा वैश्विक उत्सव एवं मेले का आगाज हुआ । कलशयात्रा का शुभारम्भ दाता शिव सिंह भोंट, अध्यक्ष नगर परिषद भरतपुरतथा भ्राता कृष्ण कुमार अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष, चेम्बर आफ कोमर्स इण्ड0 द्वारा हरी झंडी दिखलाकर शुभारम्भ किया गया । कलशधारियों के अलावा सैकडों ब्रह्मावत्सव अपने हाथों में बैनर, झंडे, स्लोगन पट्टियां कार्यक्रम के पर्चे, फोल्डर आदि लेकर शिव बाबा के ज्ञान पर आधारित नारे लगाते हुए चल रहे थे । कलश यात्रा के आगे–2 बैंड था तथा बीच में लक्ष्मी नारायण तथा परमात्मा शिव की दो सुन्दर झाकियां थीं। शोभायात्रा का स्थान–स्थान पर तोरण द्वार बनाकर तथा पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया ।

कलश यात्रा के पश्चात अपरांह 2 बजे से 4 बजे तक वैश्विक महोत्सव कार्यक्रम की 30 फुट x 24 फुट की भव्य स्टेज पर ब्रज लोक कला केन्द्र डीग तथा संस्कार एजूकेशनल ऐकेडेमी कामां एवं वीरू एण्ड पार्टी के लोक कलाकारों द्वारा गीत, भक्ति संगीत एवं मयूर नृत्य का मनोहारी कार्यक्रम रखा गया।

मेले को अपरांह 4 बजे जयपुर से पधारे भ्राता राम किशोर सैनी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री राजस्थान सरकार, द्वारा कार्यक्रम स्थल के प्रवेश द्वार पर स्थापित की गई दुर्गाजी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर

तथा फीता काटकर किया गया । तत्पश्चात महोत्सव कार्यक्रम की विशाल एवं भव्य स्टेज से बोलते हुए वैश्विक उत्सव के मुख्य अतिथि भ्राता राम किशोर सैनी ने कहा कि हम अपने आचरण से किसी को पीडा न दें । सहज, सरल तथा शीलवान रहें। प्रभू उनके साथ रहते हैं। उन्होंने आव्हान किया कि त्याग में ही महानता है । व्यसन और कुरीतियें को त्यागना है।

इस अवसर पर राजयोग, शिक्षा एवं शोध संस्थान के धार्मिक प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्षा राजयोगिनी प्रेमलता वहिन हरिद्वार द्वारा अपने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उद्‌बोधन में कहा कि हम भारत में रह रहे हैं जहां से सारे संसार में आध्यात्मिक किरणें फैली, किन्तु भौतिकता ने हमें परिस्थितियें का दास बना दिया है। फिर भी चिंता की कोई बात नहीं है। परमपिता परमात्मा शिव का भारत में दिव्य अवतरण हो चुका है तथा वह हमें आध्यात्मिक ज्ञान एवं सहज राजयोग की शिक्षा देकर पुनः स्वर्गिक दुनियां की स्थापना करा रहे हैं । वर्तमान समय कल्याणकारी पुरूषोत्तम संगम युग चल रहा है तथा आप सभी आध्यात्मिक पुरूषार्थ द्वारा परमात्मा से शक्ति एवं वरदानों की प्राप्ति कर सकते हैं ।

इस अवसर पर मैक्सिको से पधारे ब्रह्मकुमार अर्नेस्टो भाई ने अपने राजयोगिनी जीवन के अनुभव सुनाते हुए कहा कि भारत में भगवान आये हैं । मेरा सौभाग्य है कि मैं सुखमय संसार की स्थापना की । ईश्वरीय योजना में सहभागी बना हूॅं। आप सभी भरतपुर वासी भी ईश्वरीय ज्ञान एवं सहज रोज योग की शिक्षा लेकर अपना श्रेष्ठ भाग्य बना सकते हैं ।

इस अवसर पर आबू पर्वत से पधारीं राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ऊषा बहिन ने प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्यालय के प्रतिनिधि के रूप में वैश्विक महोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि परमात्म शक्तियें की प्राप्ति के लिए आध्यात्मिक पुरूषार्थ तथा वरदानों की प्राप्ति के लिए पात्रता की आवश्यकता है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली ज्ञान एवं सहज राजयोग की शिक्षा का यही उद्‌देश्य है।

इस अवसर पर. आबू पर्वत से ही पधारे भ्राता अशोक गावा, सेवानिवृत स्कैड्रन लीडर तथा सुरक्षा प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक द्वारा महोत्सव के उद्‌देश्यों

पर प्रकाश डाला तथा आबू पर्वत से पधारी ब्रह्माकुमारी डा0 सविता बहिन द्वारा संस्था का परिचय दिया गया ।

विशिष्ठ अतिथि के रूप में बोलते हुए सांसद भ्राता रतन सिंह ने कहा कि हमें अपनी भावी पीढी को मानवीय मूल्यों के प्रति संचेतनशील करना होगा तभी हमारा वैभव कायम रह सकेगा । विशिष्ठ अतिथि नगर परिषद के सभापति शिव सिंह भोंट, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. गोविन्द शर्मा तथा पूर्व उद्योग मंत्री डॉ. दिगम्बर सिंह द्वारा कहा गया कि उत्सव एवं मेला भरतपुर वासियों के लिए वरदान सिद्ध होगा ।

स्थानीय सेवा केन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी कविता बहिन द्वारा सभी का स्वागत किया गया । कार्यक्रम का संचालन इलाहाबाद से पधारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मनोरमा बहिन द्वारा किया गया । कु0 बवीता जैन द्वारा राजस्थानी भाषा में गीत प्रस्तुत करके अतिथियों का स्वागत किया गया । ब्रह्माकुमार अमर सिंह एडवोकेट द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया । सभी को ईश्वरीय साहित्य, प्रसाद एवं वरदान कार्ड वितरित किये गये ।

महोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न होने के तुरन्त बाद सांयकाल 7 बजे चैतन्य 9 दैवियों की झांकी तथा द्वादश ज्योर्तिलिंग की गुफा के दर्शनों का अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया गया ।

''ब्रह्माकुमारीज बर्ल्ड वाइड'' के होर्डिंग से सजा स्वागत मंडप, सुन्दर चित्रों एवं माडलों से सजे व्यसन मुक्ति मंडप, आपदा प्रबन्धन मंडप, ग्राम विकास मंडप, महिला सशक्तीकरण मंडप, विश्व नव निर्माण मंडप, धरा पर स्वर्ग मंडप, चैतन्य नौ देवी मंडप तथा द्वादश ज्योर्तिलिंगम गुफा, 14 फुट ऊँचा शिवलिंग, अनुभूति कक्ष तथा बुक स्टॉल वाला यह मेला अपनी शांति एवं स्वच्छतापूर्ण वातावरण से अत्यधिक शोभनीय एवं आकर्षक एवं प्रभावकारी बना हुआ था ।

मेले के अंतर्गत महिला, व्यापार एवं उद्योग, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, धार्मिक प्रभाग, ग्राम विकास प्रभाग के सैमीनार रखे गये तथा सांस्कृतिक प्रभाग से संबंधित कवि सम्मेलन रखा गया ।

इस आयोजन के फलस्वरूप **राजनेता वर्ग** में भ्राता जगन्नाथ पहाडिया, राज्यपाल हरियाणा, डॉ. जितेन्द्र सिंह उर्जा मंत्री राजस्थान सरकार, भ्राता

राजेन्द्र पारीक उद्योग मंत्री राजस्थान सरकार, भ्राता राम किशोर सैनी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री राजस्थान सरकार, भ्राता डॉ. दिगम्बर सिंह, पूर्व उद्योग मंत्री, भ्राता चौ0 हरी सिंह पूर्व मंत्री, भ्राता रतन सिंह, लोकसभा सदस्य, भ्राता विजय बंसल, विधायक, डॉ. गोविन्द शर्मा अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, भ्राता शिव सिंह भोंट, सभापति, नगर परिषद भरतपुर, बहिन जाहिदा वेगम विधायिका कामां, भ्राता विश्वेन्द्र सिंह पूर्व सांसद भरतपुर तथा उनकी पत्नि दिव्या सिंह की विशेष ईश्वरीय सेवा हुई।

**प्रशासक वर्ग में** भ्राता यादवेन्द्र माथुर आईएएस, सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, भ्राता राजेन्द्र भानावत, आईएएस सचिव नरेगा, भ्राता हेमेन्त गेरा, आईएएस, जिला कलैक्टर भरतपुर, भ्राता फतेहलाल सोनी, सीनियर आरएएस, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त भरतपुर, भ्राता बी.एन.योगेश्वर, आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर, भ्राता डॉ. कर्नल बी.एस. कपूर, आईपीएस, जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर, भ्राता बी.एल. सोनी आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक जयपुर, बहिन डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड, निदेशक दूरदर्शन केन्द्र जयपुर, भ्राता एन.आर. सिंह, महा प्रबन्धक भारत संचार निगम जयपुर, भ्राता उमेश मुदगल महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र भरतपुर, भ्राता जोशी, एस.डी.एम. बयाना, बहिन सरोज गुप्ता सहायक कलैक्टर उच्चैन तथा चिकित्सा एवं **स्वास्थ्य वर्ग** में डॉ. आर.जी. अग्रवाल, सेवानिवृत प्रमुख चिकित्सा अधिकारी भरतपुर, डॉ. त्रिलोकचंद गुप्ता अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. देववृत आर्य, गला, नाक, कान विशेषज्ञ, डॉ. जुरैल, डॉ. विवेक एवं शोभा भारद्वाज, **धार्मिक प्रभाग** में भ्राता, इमाम जामा मस्जिद भरतपुर, सईयद अव्दुल्ला पारीक अध्यक्ष धार्मिक एकता मंच उत्तर प्रदेश तथा विजिटिंग प्रोफेसर आई.आई.एम. अहमदाबाद तथा भ्राता जसविन्दर सिंह गिल, **शिक्षाविद् प्रभाग** में भ्राता ओम प्रकाश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी भरतपुर, डॉ0 दाउदयाल गुप्ता, पूर्व उप निदेशक शिक्षा विभाग, बहिन उषा अग्रवाल, व्याख्याता हिन्दी विभाग आर.डी. गर्ल्स कालेज भरतपुर तथा अन्य एवं **समाज सेवा प्रभाग** में भ्राता सीताराम गुप्ता निदेशक लूपिन भरतपुर, **न्यायविद् प्रभाग** में भरतपुर के समस्त न्यायाधीश, अभिभाषक, चार्टर्ड एकाउन्टेंटस, आयकर एवं वाणिज्यिक कर अधिकारी तथा **सांस्कृतिक प्रभाग** में 15 लोकप्रिय कवि तथा **उद्योग एवं व्यापार प्रभाग** में भ्राता कृष्ण कुमार अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष

राजस्थान चैम्बर ऑफ कोमर्स एण्ड0, भ्राता संजीव गुप्ता, अध्यक्ष, व्यापार महासंघ भरतपुर, भ्राता कैलाश अग्रवाल, अध्यक्ष जिला अग्रवाल महासभा, भरतपुर, भ्राता अनिल गुप्ता अध्यक्ष चैम्बर ऑफ कोमर्स एण्ड इण्ड0 भरतपुर तथा कालेज एवं स्कूल के विद्यार्थियों की विशेष सेवा हुई।

मेले के अंतर्गत रखे गये रोजयोग शिविरों में लगभग 500 सहभागियों ने भाग लिया जिनमें से लगभग 10 आत्माएँ सेवा केन्द्र भवन पर क्लास करने आने लगी हैं। राजयोग शिविर के अंत में भराये गये अनुभव पत्रों तथा दर्शकों एवं अतिथियों द्वारा सम्मति पुस्तिकाओं में अंकित की गई टिप्पणीयों के अध्ययन से एवं मौखिक प्रतिक्रियाओं से यह स्पष्ट होता है कि आयोजन अपने उद्देश्य की प्राप्ति में सफल रहा है। मेले को भरतपुर संभाग से बाहर से आने वालों भाई बहिन सहित सहित लगभग एक लाख व्यक्तियों ने देखा है। है। ईश्वरीय साहित्य भी पर्याप्त मात्रा में खरीदा गया है।

वैश्विक उत्सव एवं आध्यात्मिक शिव शक्ति मेले को इलैक्ट्रोनिक एवं प्रिन्ट मीडिया द्वारा अद्योपान्त अभूतपूर्व कवरेज मिला है।

आयोजन से पूर्व भरतपुर जिले के बयाना, वैर, हलैना, उच्चैन, नदवई, नगर, पहाडी, डीग, कुम्हेर आदि कस्वों में तथा भरतपुर शहर में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों पर आदरणीय दादी जानकी जी, एवं दादी गुलजार जी के चित्रों वाले बडे–बडे होर्डिंग लगवाये गये । **चालीस हजार पर्चे एवं पॉच हजार फोल्डर बांटे गये।**

कार्यक्रम से पूर्व 25 अक्टूबर 2009 को विश्वशांति भवन में प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित की गई। जिसमें 35 मीडियाकर्मी शामिल हुए। आयोजन से पूर्व प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों की प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गई।

इस कार्यक्रम का भव्य समापन दिनांक 2.11.2009 को आदरणीय राजयोगिनी मनोरमा बहिनजी की अध्यक्षता में भ्राता चौधरी हरी सिंह पूर्व मंत्री तथा भ्राता सैययद अव्दुल्ला तारिक, अध्यक्ष धार्मिक एकता मंच उत्तर प्रदेश तथा भ्राता शिवसिंह भोंट अध्यक्ष नगर परिषद भरतपुर के सानिध्य में पूर्णतः निर्विध्न रूप से सम्पन्न हुआ ।

सभी कार्यक्रमों में पूर्वोक्त वर्णित वक्ताओं के अलावा इलाहबाद, रामपुर, वरेली, फिरोजाबाद, मैनपुरी, कासगंज, बदाऊँ, अलीगढ, हाथरस, आगरा तथा कोसी के ब्रह्माकुमार, ब्रह्माकुमारियों द्वारा भाग लिया गया ।

ऊँ शांति